राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर ।

क्रमांक–प.(वि)प्रशा0/आकाशि/सम्पर्क/2019/3469

दिनांकः– 13.5.2019

समस्त प्राचार्यगण,
राजकीय महाविद्यालय/विधि महाविद्यालय/
कन्या महाविद्यालय/राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स/
राजस्थान संगीत संस्थान, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान,
जयपुर ।

विषयः–ऑन–लाईन ग्रीवन्स निस्तारण कार्य हेतु प्रभारी नामित किये जाने बाबत्।
संदर्भः–इस कार्यालय का समसंख्यक पत्रांक 2884 दिनांक 16.03.2019 ।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सम्पर्क पार्टल पर ग्रीवन्स निस्तारण कार्यवाही प्रत्येक महाविद्यालय के प्राचार्य (अर्थात् वरिष्ठतम् पदाधिकारी) द्वारा अपने SSO-ID से सतत् रूप से सुनिश्चित कराई जा रही होगी। प्रायः यह देखने में आया है कि ग्रीवन्स निस्तारण कार्य किसी आईटी के अल्प जानकार कार्मिक द्वारा सम्पादित किया जा रहा है, जिस कारण परिवेदनाओं का पूर्णतः समाधान नहीं हो पा रहा है ।

इस परिप्रेक्ष्य में संदर्भित पत्र की निरन्तरता में निर्देशित किया जाता है कि प्राचार्यों के एसएसओ–आईडी के माध्यम से ऑन–लाईन परिवेदनाओं का निस्तारण कार्य कराने हेतु आईटी के विशेषज्ञ कार्मिक को प्रभारी नामित करें । इस कार्य के लिये नामित किये गये प्रभारी का नाम, पद, मोबाईल नम्बर **cmhelplinecolledu@gmail.com** पर दिनांक 31 मई 2019 तक आवश्यक रूप से **Email** करावें, जिससे कि लम्बित परिवेदनाओं के निस्तारण के सम्बन्ध में त्वरित कार्यवाही पूर्ण की जा सके ।

इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुये संदर्भित पत्र की अनुपालना में समस्त प्राचार्य अपनी **Active SSO-ID** की मैपिंग कार्यवाही भी अविलम्ब सुनिश्चित करावें ।

संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।

क्रमांक–प.(वि)प्रशा0/आकाशि/सम्पर्क/2019/3469

दिनांकः– 13.5.2019

प्रतिलिपि – निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1– समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय को अपनी **Active SSO-ID** पोर्टल के विभागीय स्तर–।।। पर मैपिंग कराने हेतु उपर्युक्त कार्यवाही बाबत् प्रेषित है ।

2– समस्त सहायक निदेशक, (जयपुर/कोटा/ बीकानेर/ अजमेर/ जोधपुर /उदयपुर /भरतपुर सम्भाग) अपनी **Activated SSO-ID** पोर्टल के विभागीय स्तर–।। पर मैपिंग कराने हेतु उपर्युक्त कार्यवाही बाबत् प्रेषित है ।

3– समस्त नोडल अधिकारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

4– वेब साईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को अपलोड करवाने हेतु प्रेषित है।

संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।